# छत्तीसगढ़ संवाद

(जनसंपर्क संचालनालय की सहयोगी संस्था)

**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)**

**वेबसाइट– http://samvad.cg.nic.in/ फोन नं. 0771–2512580**


क्रमांक–2701/छगसं./प्रकाशन/2022 नवा रायपुर, दिनांक 27/12/2022

## निविदा संशोधन सूचना

छत्तीसगढ़ संवाद (जनसंपर्क विभाग की सहयोगी संस्था) द्वारा एल.ई.डी. स्क्रीन–वॉल के माध्यम से प्रचार–प्रसार हेतु दर निर्धारण एवं योग्य फर्मों के इम्पैनलमेंट हेतु आमंत्रित ऑनलाईन निविदा सूचना क्र.2371 दिनांक 25.11.2022 के तिथियों एवं नियम शर्तों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :–

**1. तिथियों में संशोधन का विवरण :–**

| | |
|---|---|
| निविदा में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि | दिनांक 16/01/2023 समय 2:00 बजे अपरान्ह तक |
| ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 16/01/2023 समय 3:00 बजे अपरान्ह तक |
| निविदा खोलने की अंतिम तिथि | दिनांक 16/01/2023 समय 4:00 बजे सायं से |

**2. नियम शर्तों में संशोधन का विवरण :–**

| संशोधन पूर्व नियम शर्तें एवं कार्य | संशोधन पश्चात् नियम शर्तें एवं कार्य |
|---|---|
| **बिन्दु क्र. 2.3 में उल्लेखित नियम शर्तें :–** वित्तीय वर्ष 2022–23 में प्रचार–प्रसार कार्य संबंधी वार्षिक टर्नओवर कम से कम रू. 1 लाख होने का चार्टेड एकाउंटेन्ट से सत्यापित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा। प्रमाण–पत्र में प्रचार–प्रसार कार्य के टर्न ओव्हर का उल्लेख होना अनिवार्य है। | वित्तीय वर्ष 2021–22 में प्रचार–प्रसार /विज्ञापन संबंधी वार्षिक टर्नओवर कम से कम रू. 10 लाख होने का चार्टेड एकाउंटेन्ट से सत्यापित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा। प्रमाण–पत्र में प्रचार–प्रसार /विज्ञापन कार्य के टर्न ओव्हर का उल्लेख होना अनिवार्य है। |
| **बिन्दु क्र. 2.4 में उल्लेखित नियम शर्तें :–** निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1,180/– जीएसटी सहित (वापसी योग्य नहीं) एवं अमानत राशि रू. 50,000/– (बिना ब्याज के वापसी योग्य) छत्तीसगढ़ संवाद के बैक खाता में ऑनलाईन/ आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से जमा करना होगा एवं पावती/साक्ष्य की प्रति टेक्निकल बिड के साथ जमा करना होगा। | निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1,180/– जीएसटी सहित (वापसी योग्य नहीं) एवं अमानत राशि रू. 1,00,000/– (बिना ब्याज के वापसी योग्य) छत्तीसगढ़ संवाद के बैक खाता में ऑनलाईन/ आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से जमा करना होगा एवं पावती/साक्ष्य की प्रति टेक्निकल बिड के साथ जमा करना होगा। |
| **बिन्दु क्र. 2.5 में उल्लेखित नियम शर्तें :–** निविदा में भाग लेने वाले फर्मों के पास शासकीय/अर्द्धशासकीय/अन्य संस्थान के एल.ई.डी.स्क्रीन वॉल में प्रचार–प्रसार संबंधी कार्य का कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए। अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य हैं। | निविदा में भाग लेने वाले फर्मों के पास शासकीय/अर्द्धशासकीय/अन्य संस्थान में प्रचार–प्रसार/विज्ञापन संबंधी कार्य का कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए। अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य हैं। |

| | |
|---|---|
| **बिन्दु क. 2.6 में उल्लेखित नियम शर्तें :–**<br>फर्म द्वारा स्थापित एल.ई.डी. स्क्रीन–वॉल के स्थल एवं साईज की सूची। फर्म के पास स्वयं के स्वामित्व का कम से कम एक 200 Sq ft का एल.ई.डी. स्क्रीन वॉल स्थापित होना अनिवार्य हैं। | फर्म द्वारा स्थापित एल.ई.डी. स्क्रीन–वॉल के स्थल एवं साईज की सूची। फर्म के पास स्वयं के स्वामित्व का कम से कम एक 200 Sq ft का P8 अथवा Superior Quality का एल.ई.डी. स्क्रीन वॉल छत्तीसगढ़ राज्य में स्थापित होना अनिवार्य हैं। जो एल.ई.डी.स्क्रीन लगी हुई उसकी चालू हालत में विडियो स्पष्ट दिखता हुआ CD/DVD निविदा जमा करने के नियत तिथि एवं समय के पूर्व अपरान्ह् 3:00 बजे तक **छत्तीसगढ़ संवाद, सेक्टर–19 नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर अटल नगर भवन के द्वितीय तल, कक्ष क्रमांक SF-10** में जमा करना होगा। |
| **बिन्दु क. 4 में उल्लेखित नियम शर्तें :–**<br>शासकीय/अर्द्धशासकीय/अन्य संस्थान हेतु एल.ई.डी. स्क्रीन–वॉल में प्रचार–प्रसार संबंधी कार्य का कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए। कोई भी शासकीय संस्थान के साथ एकल अनुबंध होने पर अनुबंध पत्र/एकल स्वामित्व संबंधी अधिकार पत्र की प्रतियां ऑनलाईन जमा करना होगा। इस स्थिति में एकल अधिकार प्राप्त संस्थानों का अनुभव पत्र की आवश्यकता नहीं है, परंतु शेष फर्मों के लिए अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति तकनीकी बिड में ऑनलाईन प्रस्तुत करना होगा। | बिन्दु क. 4 में उल्लेखित नियम शर्तें को विलोपित किया गया है। |
| **बिन्दु क. 9 में उल्लेखित नियम शर्तें :–**<br>वित्तीय प्रस्ताव में उल्लेखित अवधि के अलावा अन्य अवधि हेतु कार्य की आवश्यकता होने पर न्यूनतम अनुपातिक दर पर कार्य कराने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ संवाद के पास सुरक्षित रहेगा। | वित्तीय प्रस्ताव में उल्लेखित अवधि के अलावा अन्य अवधि हेतु कार्य की आवश्यकता होने/समय कम या ज्यादा होने पर दोनों स्थिति में न्यूनतम अनुपातिक दर पर कार्य कराने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ संवाद के पास सुरक्षित रहेगा। |

**नोट :–(1) वित्तीय प्रस्ताव के स्लैब एवं अवधि में परिवर्तन किया गया है।**

**(2) नियम शर्तो के बिन्दु क. 2.10 में एक एल.ई.डी.स्क्रीन में एक दिन में कितना घंटा प्रसारण अवधि होता हैं। इसकी जानकारी समय के साथ तकनीकी बिड में प्रस्तुत करें, नवीन जोड़ा गया है।**

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ संवाद**
**नवा रायपुर अटल नगर**